# एक आदर्श मनपरिवर्तन ( 8:26-40 )

प्रचार करने के अपने आरम्भिक दिनों से ही, मनपरिवर्तन का मेरा सबसे पसन्दीदा उदाहरण इथियोपिया के (हब्शी) खोजे का रहा है। कुछ विस्तार में अन्य उदाहरण भी स्पष्ट हो सकते हैं (जैसे प्रेरितों 2 अध्याय में बपतिस्मे का उद्देश्य); परन्तु मनपरिवर्तन की सरल ढंग से सम्पूर्ण तस्वीर देने के लिए प्रेरितों 8:26-40 में सुधार करना कठिन होगा। महान प्रचारक मार्शल कीबल ने इसे ''एक आदर्श मनपरिवर्तन'' कहा था। जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स ने इसे ''सभी आवश्यक विशेषताओं सहित हर युग के लिए एक नमूना''[1] करार दिया था। इस ''आदर्श मनपरिवर्तन'' का अध्ययन करते हुए हम में से हर एक को अपने मनपरिवर्तन के साथ इसकी तुलना करनी चाहिए।

## एक आदर्श प्रचारक: फिलिप्पुस (8:26, 27)

इस पाठ के आरम्भ में हम पढ़ते हैं, ''फिर प्रभु के एक स्वर्गदूत[2] ने फिलिप्पुस से कहा, उठ कर दक्खिन की ओर उस मार्ग पर जा जो यरूशलेम से अज्जाह को जाता है,[3] (और जंगल में है।)[4] वह उठ कर चल दिया'' (आयतें 26, 27क)। जैसे हमने ध्यान दिया था कि फिलिप्पुस उन सात में से एक था जिनको अध्याय 6 में खिलाने-पिलाने की सेवा के लिए चुना गया था। बाद में उसने ''फिलिप्पुस सुसमाचार प्रचारक'' के रूप में प्रसिद्ध होना था (21:8)।

फिलिप्पुस इस बात के लिए हमारा आदर्श था कि वह आत्माओं के प्रति चिन्तित था। वह सामरिया में एक बहुत बड़े सुधार में लगा था। सैकड़ों लोग सुसमाचार को ग्रहण कर रहे थे। जब परमेश्वर ने उससे एक व्यक्ति के पास जाकर प्रचार करने के लिए कहा, तो उसने हिचकिचाहट नहीं की! ''वह (तुरन्त) उठ कर चल दिया।'' फिलिप्पुस के लिए कोई भी भीड़ छोटी नहीं थी!

## एक आदर्श श्रोता: खोजा (8:27-31)

जब फिलिप्पुस वहां पहुंचा, जहां जाने का उसे निर्देश दिया गया था, तो सम्भवत: वह चकित हुआ होगा कि उसके बाद उसे क्या करना है। उसे अधिक देर तक आश्चर्य में नहीं रहना पड़ा, क्योंकि शीघ्र ही एक रथ दिखाई दिया[5]: ''और देखो, कूश[6] देश का एक मनुष्य आ रहा था जो खोजा और कूशियों की रानी कन्दाके का[7] मन्त्री और खजांची था,

और भजन करने को यरूशलेम आया था'' (आयतें 27ख, 28)। ऊंची पदवी वाला यह राजनयिक, जो सारे इथियोपिया का खजांची था, एक धार्मिक व्यक्ति था! यह जानकर मुझे अच्छा लगता है! (मैं प्रसन्न हूं कि मैं अमेरिका के एक ऐसे भाग में रहता हूं जहां धार्मिक होने पर भी कुछ राजनीतिक दायित्व निभाने पड़ते हैं।)

हम इस अधिकारी के बारे में अधिक नहीं जानते। हमें यह नहीं मालूम कि क्या वह यहूदी था जिसे इथियोपिया के लोगों ने काम सौंपा था या वह स्थानीय इथियोपियन था जो यहूदी बन गया था।[8] हम इतना ही जानते हैं कि वह अपने धर्म के बारे में गम्भीर था और अपने विश्वास में निष्कपट था! वह अपने घर से सैकड़ों मील दूर यात्रा करके यरूशलेम गया था ताकि परमेश्वर की आराधना कर सके। और, उसने इतनी लम्बी यात्रा यह जानने के बावजूद की कि उसे यरूशलेम पहुंचने पर मन्दिर के पवित्र भाग में जाने की शायद अनुमति भी न मिले!

मैं हैरान होता था कि लूका ने यह उल्लेख क्यों किया कि यह इथियोपियन अधिकारी खोजा था। खोजा होने की बात विज्ञापन देने वाली तो बिल्कुल नहीं है![9] मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि लूका ने हमें उस व्यक्ति के परमेश्वर के प्रति *समर्पण* को सूचित करने के लिए इतना विस्तार से बताया है। पुराने नियम के अनुसार, एक खोजा पवित्र सभा में प्रवेश नहीं कर सकता था (व्यवस्थाविवरण 23:1)।[10] पवित्र सेवाओं को पाने के लिए यह इथियोपियन अधिकारी मन्दिर के साधारण प्रांगण में सबसे निकट यदि जा सकता था तो वह अन्यजातियों का आंगन ही था।[11] यह तो ऐसा ही होगा कि हम यह जानते हुए भी हज़ारों मील चलकर किसी विशेष धार्मिक सभा में भाग लेने के लिए जाएं कि हम उस आराधना सभा में सबसे निकट उपासना स्थल की ड्योढ़ी के सामने तक ही जा पाएंगे। फिर भी, यह खजांची वहां गया। उसने आराधना की छोटी सी बात को आराधना न करने से बढ़कर माना। (यह आज के उस ओछे व्यक्ति से कितना भिन्न है जो शिकायत करता है, ''मैं आराधना में नहीं जाता क्योंकि मुझे इसमें कुछ मिलता नहीं।'')

शायद यह खोजा यरूशलेम में किसी विशेष त्यौहार के दिन के लिए गया था। कोई भी अवसर हो, अब वह ''लौट रहा था,'' और ''अपने रथ पर बैठा हुआ था,[12] और यशायाह भविष्यवक्ता की पुस्तक पढ़ रहा था''[13] (आयत 28)। यहां एक और हिला देने वाली तस्वीर है: एक सरकारी अधिकारी यात्रा करते हुए अपनी बाइबल पढ़ रहा है! यदि दूसरे जनसेवक भी इसी उदाहरण का अनुसरण करें, तो यह संसार रहने के लिए एक उत्तम स्थान बन जाए!

अब प्रचारक की अपने श्रोता से परिचय की बारी थी। ''तब आत्मा ने फिलिप्पुस से कहा, 'निकट जाकर इस रथ के साथ हो ले' '' (आयत 29)। पुन: फिलिप्पुस ने बिना हिचकिचाहट के आज्ञा का पालन किया। ''फिलिप्पुस ने उस ओर दौड़कर उसे यशायाह भविष्यवक्ता की पुस्तक पढ़ते हुए सुना'' (आयत 30क)।[14] जो पद वह पढ़ रहा था, वह यशायाह 53 अध्याय से था। फिलिप्पुस ने अधिकारी से पूछा, ''तू जो पढ़ रहा है क्या उसे समझता भी है?'' (आयत 30ख)। फिलिप्पुस के इरादे नेक थे; सम्भवत:

उसे यह मालूम था कि इस आदमी को सिखाने के लिए कहां से शुरू किया जाए। फिर भी, ये शब्द किसी के लिए अपमान भरे भी हो सकते हैं। खोजे ने उत्तर देकर बताया कि उसे परमेश्वर ने विशेष व्यवहार के लिए क्यों चुना है, ''जब तक कोई मुझे न समझाए तो मैं क्योंकर समझूं?'' (आयत 31क)। यह खजांची ''एक आदर्श श्रोता'' था क्योंकि उसका *मन उदार* था और वह सीखने की इच्छा रखता था। ऐसे लोगों से मिलना कितना रोमांचकारी होता है!

खोजे की बातें हमें यह नहीं सिखातीं कि एक साधारण व्यक्ति के लिए परमेश्वर की इच्छा को समझना असम्भव है। अपने जीवन में, मैं कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने उद्धार, कलीसिया, और मसीही जीवन के बारे में बाइबल की शिक्षा को अपने आप ही सीखा था। यह तथ्य आज भी सत्य है कि हम में से कइयों को, खोजे की तरह ही, सहायता की आवश्यकता है। रोमियों 10 अध्याय में पौलुस के प्रश्न आज भी उतने ही अटल हैं जितने तब थे, जब उसने यह लिखा: ''फिर जिस पर उन्होंने विश्वास नहीं किया, वे उसका नाम क्योंकर लें? और जिसकी नहीं सुनी उस पर क्योंकर विश्वास करें? और प्रचारक बिना क्योंकर सुनें?'' (रोमियों 10:14, 15क)। परमेश्वर के वचन का शिक्षक आज भी परमेश्वर की योजना का एक महत्वपूर्ण भाग है।

इस उदार मन के अधिकारी की कहानी यह घोषणा करती है कि यदि हम ढूंढें तो निष्कपट मनों वाले लोग जो परमेश्वर के लिए अपनी आवश्यकता को पहचानते हैं, इस संसार में मिल सकते हैं। हो सकता है कि इन लोगों को ढूंढने में हम असफल हो जाएं क्योंकि, खोजे की तरह, वे महत्वपूर्ण पदों पर हैं, और हमें लगता है कि वे मसीह के लिए अपनी आवश्यकताओं की तरफ ध्यान नहीं देंगे। हम उन्हें देखने में असफल हो सकते हैं क्योंकि, खोजे की तरह, वे अपने धार्मिक विश्वासों में दृढ़ हैं, और हमें लगता है कि वे हमारी बात पर ध्यान नहीं देंगे। आइए किसी भी व्यक्ति का पूर्वन्याय न करें बल्कि सच्चे मन से भले और निष्कपट मनों की खोज में लग जाएं। जब वे मिलें, तो उन्हें प्रभु की अगुआई में ले जाएं!

## मनपरिवर्तन के आदर्श साधनः सुसमाचार (8:30, 31, 35)

कहानी को जारी रखने से पहले, आइए उस अधिकारी के मनपरिवर्तन के लिए परमेश्वर द्वारा प्रयुक्त *साधनों* पर ध्यान देने के लिए रुकें। आज कुछ लोगों का मानना है कि कलीसिया के बाहर खोए हुए पापी को परिवर्तित करने के लिए अलौकिक ''अनुभव'' का होना ज़रूरी है। कई लोग अभी भी किसी अविश्वासी पर ''पवित्र आत्मा का प्रत्यक्ष कार्य'' होने की आवश्यकता की कैल्विनवादी शिक्षा का प्रचार करते हैं। परन्तु, बाइबल सिखाती है, कि कलीसिया के बाहर पापी के उद्धार के लिए जिस सामर्थ का इस्तेमाल परमेश्वर करता है, वह उसके आत्मा का कोई अलौकिक ''प्रत्यक्ष कार्य'' नहीं, बल्कि उसका *वचन* है। पौलुस ने कहा, ''मैं *सुसमाचार* से नहीं लजाता, इसलिए कि वह हर एक विश्वास करने वाले के लिए ... उद्धार के निमित्त परमेश्वर की सामर्थ है'' (रोमियों

1:16)। उसने यह भी कहा, ''विश्वास सुनने से, और सुनना *मसीह के वचन* से होता है'' (रोमियों 10:17)।

इस सच्चाई को कि किसी के मन को परिवर्तित करने के लिए परमेश्वर अपने वचन का इस्तेमाल करता है, इथियोपियन अधिकारी के मनपरिवर्तन में बड़ी सुन्दरता से दिखाया गया है। यह सत्य है कि कहानी में एक अलौकिक तत्व है अर्थात परमेश्वर ने फिलिप्पुस से दो बार बात की (स्वर्गदूत और आत्मा के द्वारा)। अभी ''आश्चर्यकर्मों का युग'' था, और यह सुनिश्चित करते हुए कि खोजे के पास सच्चाई सुनने और मानने के लिए कोई और अवसर नहीं था, परमेश्वर ने नियन्त्रण अपने पास रखा था। परन्तु, ध्यान दें, कि परमेश्वर ने कलीसिया के बाहर खोए हुए पापी से नहीं, बल्कि प्रचारक से बात की थी। यदि उस खजांची को रहस्यमय ''प्रत्यक्ष कार्य/अनुभव'' की आवश्यकता होती, तो परमेश्वर फिलिप्पुस के बजाय *उसी* से बात करता और प्रचारक को एक लम्बी, थका देने वाली यात्रा से बचाया जा सकता था।

खोजे के दृष्टिकोण से इस मनपरिवर्तन पर विचार करें। वह फिलिप्पुस को दिए गए ईश्वरीय संदेशों के बारे में कुछ नहीं जानता था। उसके लिए, कहानी यशायाह के अस्पष्ट पद और फिलिप्पुस के प्रश्न ''तू जो पढ़ रहा है क्या उसे समझता भी है?'' (8:30) से आरम्भ हुई। उसने प्रचारक को रथ में आने का निमन्त्रण दिया, और चलते-चलते, फिलिप्पुस ने ''उसे यीशु का सुसमाचार सुनाया'' (आयत 35)। फिलिप्पुस ने सुसमाचार का प्रचार किया, जो कि उद्धार के लिए परमेश्वर की सामर्थ है (रोमियों 1:16)! जब खजांची ने यह संदेश सुना, तो उसने विश्वास किया और आज्ञा मानी (8:36-39)। उसका उद्धार ''सुनकर अच्छी लगने वाली बातों से नहीं हुआ,'' बल्कि उस प्रचार द्वारा हुआ जिसने उसके मन में विश्वास उत्पन्न किया (रोमियों 10:17)! परमेश्वर की योजना निष्कपट पापी और प्रचारक को मिलाने और फिर वचन को अपना काम करने देने की थी! यदि आप उद्धार पाने की इच्छा रखते हैं, तो किसी रहस्मय ''अनुभव'' की प्रतीक्षा न करें, बल्कि सुसमाचार को सुनें, इस पर विश्वास करें और इसकी आज्ञा का पालन करें!

यद्यपि इस घटना में परमेश्वर का हस्तक्षेप यह प्रमाणित नहीं करता कि एक अविश्वासी के लिए चमत्कारी अनुभव आवश्यक है, परन्तु मेरा विश्वास है कि इससे नाश होने वालों के लिए परमेश्वर की चिन्ता का पता चलता है, विशेषकर उनके लिए जो खोए हुए हैं और ''भले और उत्तम मन'' के हैं (लूका 8:15)। मेरा यह विश्वास भी इसमें निहित है कि परमेश्वर निष्कपटता से सच्चाई को ढूंढने वालों की सहायता करेगा (मत्ती 7:7, 8)। मेरे मन में उन पुरुषों तथा महिलाओं के कई उदाहरण आते हैं जो सच्चे मन से परमेश्वर की सच्चाई को खोजने की कोशिश करते हैं तथा वे उसी व्यक्ति के सम्पर्क में आए जो उन्हें ऐसी परिस्थितियों में सच्चाई को सिखा सकता था और इसे संयोग नहीं कहा जा सकता।[15]

अमेरिका के रिक ऐचले ने टैक्सास में वैको के निकट एक रिट्रीट में वार्ड नामक युवक से मिलने के बारे में बताया। वार्ड बुकलिन गलियों में पला-बढ़ा परन्तु डलास नामक स्थान में रहने लगा। अभी उसे डलास में गए अधिक समय नहीं हुआ था, कि एक दिन

वह एक बस में जाता हुआ अपने पास बैठी एक महिला से बातें करने लगा। उसने उसे कलीसिया में आने का निमन्त्रण दिया। वार्ड चर्च जाने वालों में से नहीं था, परन्तु डलास में वह किसी को जानता नहीं था, इसलिए चला गया। वहां के लोग इतने मिलनसार थे कि उसे ऐसा लगा जैसे वह कोई नाटक हो। वह अगले सप्ताह उन्हें मिलने के लिए फिर गया। इस प्रकार जल्द ही वह एक मसीही बन गया। रिक ने कहा कि रिट्रीट में, वार्ड कैम्प के आस पास जाकर पूछने लगा, ''क्या आप मसीही हैं? मैं आपको बताता हूं कि *मैं* मसीही कैसे बना!''[16] एक पल के लिए इस कहानी पर विचार कीजिए। इस विशेष बस में इस विशेष महिला के पास वार्ड के बैठने में क्या बुराई है जिसने उसे आराधना सभाओं में आने के लिए निमन्त्रण देना था? पवित्र शास्त्र और अनुभव से मैं कायल हूं कि यदि कोई सच्चे मन से खोज करने वाला है, तो परमेश्वर उसे सच्चाई को सीखने का कोई मार्ग अवश्य बताएगा!

हम में से प्रत्येक को एक सच्चे मन वाले (लूका 8:15), परमेश्वर के मार्ग की *खोज* लगन से करने वाले (यूहन्ना 5:39; प्रेरितों 17:11), और *सच्चाई* के प्रेमी होना (2 थिस्सलुनीकियों 2:10) कितना आवश्यक है!

## आदर्श संदेशः यीशु (8:31-35)

आइए उस संदेश को देखने के लिए जिसने खोजे का जीवन बदल दिया था, अपनी कहानी की ओर वापस लौटते हैं:

> और उसने फिलिप्पुस से बिनती की, कि चढ़कर मेरे पास बैठ। पवित्र शास्त्र का जो अध्याय वह पढ़ रहा था, वह यह था; ''कि वह भेड़ की नाईं वध होने को पहुंचाया गया, और जैसे मेम्ना अपने ऊन कतरने वालों के साम्हने चुपचाप रहता है, वैसे ही उसने भी अपना मुंह न खोला। उसकी दीनता में उसका न्याय नहीं होने पाया, और उसके समय के लोगों का वर्णन कौन करेगा, क्योंकि पृथ्वी से उसका प्राण उठाया जाता है'' (8:31ख-33)।

कहानी का पढ़ा गया भाग यशायाह 53:7, 8 है,[17] जो कि यशायाह की पुस्तक में दुखी दास के भाग में प्रमुख है। ''इस पर खोजे ने फिलिप्पुस से पूछा; मैं तुझ से बिनती करता हूं, कि मुझे यह बता कि भविष्यवक्ता यह किसके विषय में कहता है, अपने या किसी दूसरे के विषय में'' (आयत 34)। यहूदी शिक्षक यशायाह 53 को समझ नहीं पाते थे। वे जानते थे कि मसीह एक *राजा* होगा, यह ऐसा विचार था जिसे वे *दुख* की धारणा के साथ मिलाकर नहीं देख सकते थे। इस कारण उनका यह मानना था कि यह अध्याय मसीह के लिए नहीं था, जिससे यह संदेह उत्पन्न हो जाता है कि ''फिर यह किस पर लागू होता था?'' कई लोग यह शिक्षा देते थे कि यह परमेश्वर के एक अनाम प्रवक्ता (शायद एक भविष्यवक्ता, या स्वयं यशायाह) के लिए था। अन्य लोगों का विचार था कि यह अध्याय

इस्राएल जाति के लिए था, जिसे अपने विश्वास के लिए दुख उठाना पड़ा था।

खजांची की यह उलझन फिलिप्पुस के लिए एक सही शुरुआत थी: ''तब फिलिप्पुस ने अपना मुंह खोला, और इसी शास्त्र से आरम्भ करके उसे यीशु का सुसमाचार सुनाया'' (आयत 35)। कितना अच्छा संदेश होगा यह!

फिलिप्पुस ने आरम्भ उसी अध्याय से किया जिसे वह अधिकारी पढ़ रहा था। सुसमाचार प्रचारक का पहला काम यह दिखाना था कि ये आयतें मसीह से सम्बन्धित हैं, (प्रचलित विश्वास के विपरीत) यशायाह ने भविष्यवाणी की थी कि मसीह दुख उठाएगा।[18] आगे, फिलिप्पुस ने ज़ोर दिया होगा कि यीशु, और केवल यीशु ने, हर एक बात को पूरा किया: ''जैसे एक भेड़ वध के लिए,'' वैसे ही यीशु को बाग से सभा में, फिर रोमी अधिकारियों के सामने ले जाया गया। ''जैसे मेमना अपने ऊन कतरने वालों के सामने चुप रहता है,'' वैसे ही अपनी सारी सुनवाइयों में, उसने अपना बचाव नहीं किया।[19] जब उसका ठट्ठा किया गया, उस पर थूका गया, और उसके मुंह पर मारा गया, तो वह ''दीनता में'' दुख सहता रहा। ''उसका न्याय होने नहीं पाया''[20] क्योंकि उसने एक के बाद एक अन्याय की बात को सहन करना था। वास्तविकता यह है कि वह छोटी उम्र में एक भयानक मौत मर गया। इन शब्दों में निहित है ''उसके लोगों का वर्णन कौन करेगा?[21] क्योंकि पृथ्वी से उसका प्राण उठाया जाता है।''

इसमें कोई संदेह नहीं कि फिलिप्पुस ने यीशु के जीवन में पूरी हुई यशायाह 53 में बताई गई भविष्यवाणियों की भी बात की होगी। उसे अपने लोगों द्वारा ठुकराया गया (यशायाह 53:1-3)। उसे कोड़े मारे गए (आयत 5)। उसे दो डाकुओं के बीच क्रूस पर लटकाया गया (पद 9, 12)। उसे एक धनी व्यक्ति की कब्र में गाड़ा गया (आयत 9)। परन्तु, सबसे बढ़कर, फिलिप्पुस ने यह बताया होगा कि मसीह को मरना *क्यों* पड़ा, हमें हमारे पापों से बचाने के लिए!

> ... वह हमारे ही अपराधों के कारण घायल किया गया, वह हमारे अधर्म के कामों के हेतु कुचला गया। हमारी ही शान्ति के लिए उस पर ताड़ना पड़ी, कि उसके कोड़े खाने से हम लोग चंगे हो जाएं। हम तो सब के सब भेड़ों की नाईं भटक गए थे; हम में से हर एक ने अपना-अपना मार्ग लिया, और यहोवा ने हम सभों के अधर्मों का बोझ उसी पर लाद दिया।
>
> ... यहोवा को यही भाया कि उसे कुचले; उसी ने उसको रोगी कर दिया; जब तू उसका [यीशु का] प्राण दोष बलि करे, ... वह [परमेश्वर] अपने प्राणों का दुःख उठाकर उसे देखेगा और तृप्त होगा; ... उस ने बहुतों के पाप का बोझ उठा लिया, ... (यशायाह 53:5, 6, 10-12)।

परन्तु, लूका ने ध्यान दिलाया, कि यशायाह 53 का अध्याय तो फिलिप्पुस के लिए

आरम्भ करने के लिए ही था: ''और इसी शास्त्र से *आरम्भ करके* उसे यीशु का सुसमाचार सुनाया'' (प्रेरितों 8:35)। आत्मा से प्रेरणा पाए अन्य वक्ताओं की तरह, इस सुसमाचार प्रचारक ने यीशु के जन्म, जीवन और आश्चर्यकर्मों के तथ्यों की समीक्षा की होगी: ''वह भलाई करता, और सबको जो शैतान के सताए हुए थे, अच्छा करता फिरा; क्योंकि परमेश्वर उसके साथ था'' (10:38)।[22]

क्योंकि खोजा यरूशलेम से अभी-अभी आया था, वह यीशु मसीह के नाम से अपरिचित नहीं होगा। शाऊल द्वारा भयंकर उपद्रव के बाद, कलीसिया की अभूतपूर्व वृद्धि से, यीशु मसीह का नाम प्रत्येक होंठ पर आ गया होगा। कई उसे गालियां निकालते होंगे; कई उसकी बातों को याद करते होंगे; परन्तु यह तो उनके बीच होने वाली बातों की समीक्षा ही होगी। खजांची को मालूम होगा कि यीशु के बारे में जो कुछ फिलिप्पुस ने बताया, वह सत्य था। जब फिलिप्पुस ने इन तथ्यों का सम्बन्ध यशायाह की भविष्यवाणी से जोड़ा, तो खोजे को समझ आया और उसके मन में विश्वास उत्पन्न हुआ।

## आदर्श उत्तर: तुरन्त आज्ञापालन (8:36-39)

इससे हमें एक आदर्श उत्तर मिलता है। जब फिलिप्पुस ने यीशु का प्रचार किया, तो उसने केवल यीशु के *बारे* में प्रचार नहीं किया। उसने यह प्रचार भी किया कि हर कोई उससे किस प्रकार से लाभ उठा सकता है जो यीशु ने मनुष्यजाति के लिए किया अर्थात उसने राज्य (कलीसिया) का, यीशु मसीह के नाम का और बपतिस्मे का प्रचार किया (8:5, 12)। उसके उत्तर से स्पष्ट हो जाता है कि खजांची को फिलिप्पुस द्वारा दिए गए संदेश में यही विषय है: ''मार्ग में चलते-चलते वे किसी जल की जगह पहुंचे;[23] तब खोजे ने कहा, देख! यहां जल है! अब मुझे बपतिस्मा लेने में क्या रोक है?'' (आयत 36)।

बपतिस्मे का प्रचार किए बिना यीशु का सम्पूर्ण प्रचार करना असम्भव है।[24] जब यूहन्ना यीशु का मार्ग तैयार करता हुआ आया, तो वह बपतिस्मा देता आया (यूहन्ना 3:2, 3)। यीशु स्वयं बपतिस्मा लेने के लिए साठ से अधिक मील चला (मत्ती 3:13)। यीशु के चेले यूहन्ना की अपेक्षा अधिक लोगों को बपतिस्मा देते थे (यूहन्ना 4:1, 2)। यीशु ने कहा कि हमारे लिए जल से ''जन्म'' लेना आवश्यक है (यूहन्ना 3:3, 5) और उसने बपतिस्मे की आज्ञा दी (मरकुस 16:16)। यीशु के चेलों ने उसके नाम में बपतिस्मा दिया (प्रेरितों 2:38)। बपतिस्मा हमें यीशु (गलतियों 3:26, 27) और उसकी देह में (1 कुरिन्थियों 12:13) मिलाता है।

जब खोजे को पता चला कि यीशु चाहता है कि वह बपतिस्मा ले, तो उसने और प्रतीक्षा नहीं करनी चाही। ''तब खोजे ने कहा, देख! यहां जल है! अब मुझे बपतिस्मा लेने में क्या रोक है?'' (आयत 36)। आपको उसके स्वर में उत्सुकता सुनाई देती है? ''देख! यहां मेरे डूब सकने के लिए पर्याप्त गहरा जल है! मुझे अभी बपतिस्मा दे दे!'' कई लोग, जब उन्हें पता चलता है कि उन्हें बपतिस्मा लेना चाहिए, बाहर जाने के लिए रास्ता देखते हैं; खोजे ने अन्दर आने के लिए रास्ता देखा।[25]

यीशु ने ज़ोर देकर कहा था, ''जो *विश्वास* करे और बपतिस्मा ले उसी का उद्धार होगा'' (मरकुस 16:16)। बपतिस्मे से पहले विश्वास करना आवश्यक है।[26] खजांची को बपतिस्मा देने से पहले, फिलिप्पुस के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक था कि वह अधिकारी वास्तव में यीशु में विश्वास करता है। आयत 37 उस बातचीत के बारे में बताती है जो सम्भवत: फिलिप्पुस और खोजे के बीच हुई: ''[फिलिप्पुस ने कहा, यदि तू सारे मन से विश्वास करता है तो हो सकता है, उसने उत्तर दिया, मैं विश्वास करता हूं कि यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र है।]'' NASB में ये शब्द निम्न टिप्पणी के साथ कोष्ठक में दिए गए हैं: ''बहुत से प्राचीन हस्त लेखों में यह पद नहीं मिलता।'' बहुत से विद्वानों का मत है कि यह पद मूल शास्त्र का भाग नहीं था, *परन्तु आरम्भिक कलीसिया का व्यवहार ऐसा ही था।*[27] क्योंकि आरम्भिक मसीही ऐसे किसी भी व्यक्ति को बपतिस्मा नहीं देते थे जो यीशु में विश्वास नहीं करता था, क्योंकि ऐसा कोई लिखित नियम नहीं है जिससे विश्वासी की परख हो सके। यह कितना स्वाभाविक है कि एक पापी से पूछा जाए कि क्या आप प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करते हैं और उससे भी बढ़कर स्वाभाविक यह है कि वह पापी उत्तर दे कि हां मैं विश्वास करता हूं?

विश्वास के मौखिक उत्तर को ''अंगीकार''[28] कहा जाता है जो कि बाइबल की महत्वपूर्ण शिक्षा है (मत्ती 10:32, 33; 16:16; यूहन्ना 9:22; 12:42; 1 तीमुथियुस 6:12, 13; इब्रानियों 3:1; 10:23; 1 यूहन्ना 4:2, 15)।[29] यद्यपि अंगीकार बपतिस्मे से पूर्व एक से अधिक बार होने वाली बात है,[30] पवित्र शास्त्र और आरम्भिक कलीसिया का इतिहास संकेत देता है कि बपतिस्मा लेने से पहले यीशु में विश्वास दिखाने के लिए यह आवश्यक था। 2:38 का अध्ययन करते समय हमने ध्यान दिया था कि मूल में शास्त्र कहता है कि लोग ''यीशु मसीह के नाम से'' बपतिस्मा लेते थे और बहुत से विद्वान मानते हैं कि उन तीन हज़ार लोगों ने पानी में उतरने से पहले यीशु में अपने विश्वास को प्रकट किया था। रोमियों 10:9, 10 मन के विश्वास को होठों पर विश्वास से जोड़ता है:

> ... यदि तू अपने मुंह से यीशु को प्रभु जानकर अंगीकार करे और अपने मन से विश्वास करे कि परमेश्वर ने उसे मरे हुओं में से जिलाया, तो निश्चय ही उद्धार पाएगा। क्योंकि धार्मिकता के लिए मन से विश्वास किया जाता है, और उद्धार के लिए मुंह से अंगीकार किया जाता है।

ध्यान दें कि विश्वास और अंगीकार का आपस में सम्बन्ध है और उद्धार के लिए दोनों आवश्यक हैं, और दोनों ही उद्धार से पहले हैं। क्योंकि दोनों उद्धार से पहले हैं, और हम बपतिस्मे के समय यीशु के लोहू से उद्धार पाते हैं,[31] इसलिए बपतिस्मे से पहले ये दोनों ही आने चाहिए।[32]

इस सम्बन्ध में कोई निर्धारित फॉर्मूला नहीं है कि बपतिस्मे से पहले हमें क्या अंगीकार करना चाहिए। मत्ती 10:32 केवल यीशु के अंगीकार की बात करता है। मत्ती 16:16 में पतरस ने यीशु का अंगीकार किया था ''तू जीवते परमेश्वर का पुत्र मसीह है।'' प्रेरितों

8:37 संकेत देता है कि आरम्भिक कलीसिया में यह अंगीकार कि ''मैं विश्वास करता हूं कि यीशु मसीह परमेश्वर का पुत्र है'' एक आदर्श वाक्य होगा। इन सबको इकट्ठा करने से, हमारे लिए यह अंगीकार करने की आवश्यकता है कि हम विश्वास करते हैं कि यीशु ही है जो उद्धार दिलाता है,[33] वह ही अभिषिक्त (अर्थात, हमारा राजा!) है और, वह ईश्वरीय है! ऐसा अंगीकार केवल मुंह से कहना नहीं; बल्कि प्रभु के प्रति समर्पण है! हम अपने आप को उसके हाथों में दे देते हैं और उसके आदेश के अनुसार उसकी आज्ञा मानते हैं!

ध्यान दें कि फिलिप्पुस ने खोजे के जीवन के सम्बन्ध में अथवा बाइबल में सभी महान शिक्षाओं के प्रति उसकी समझ के बारे में पूछताछ नहीं की। बपतिस्मा लेने वाले किसी भी व्यक्ति से हमें केवल इतना ही पूछने का अधिकार है ''क्या तुम अपने पूरे मन से विश्वास करते हो कि यीशु ही मसीह है, और परमेश्वर का पुत्र है?''[34] बपतिस्मा लेने वाला हर व्यक्ति अवधारणाओं के साथ और जीवन में बहुत बदलाव करने के लिए पानी में से बाहर आता है। परन्तु, परमेश्वर और अपने भाइयों की सहायता से अपनी समझ और व्यवहार को सुधारने के लिए उसके पास जीवनभर का समय है (मत्ती 28:19, 20)।

यह भी ध्यान दें कि फिलिप्पुस ने खोजे को यह नहीं कहा कि उसे बपतिस्मे के लिए ''अगले रविवार तक प्रतीक्षा'' करनी होगी।[35] नये नियम के दिनों में, जैसे ही किसी को पता चलता था कि उसे क्या करना चाहिए, तो वह वैसा उसी समय और वहीं पर करता था। जैसे ही खोजे ने फिलिप्पुस को विश्वास दिला दिया कि वह बपतिस्मा लेने के लिए तैयार है, तो ''उसने रथ खड़ा करने की आज्ञा दी;[36] और फिलिप्पुस और खोजा दोनों जल में उतर पड़े; और उसने उसे बपतिस्मा दिया'' (8:38)।

2:38 का अध्ययन करते हुए, हमने ध्यान दिया था कि ''बपतिस्मा'' शब्द यूनानी भाषा के शब्द का लिप्यान्तरण है जिसका अक्षरश: अर्थ है ''डुबोना।'' परन्तु, यह सीखने के लिए कि बपतिस्मे का अर्थ डुबोना ही है, आपको यूनानी भाषा सीखने की आवश्यकता नहीं है। आपके लिए जो करना आवश्यक है वह यह है कि नये नियम के समयों में लोग बपतिस्मा *कैसे* लेते थे।[37] फिलिप्पुस और खजांची जल *की जगह* पहुंचे (8:36), वे जल *में उतर पड़े,* जहां प्रचारक ने उस अधिकारी को बपतिस्मा दिया (आयत 38), और फिर वे जल *में से निकलकर ऊपर* आए (आयत 39)।[38] ये शर्तें केवल डुबोने के लिए लागू होती हैं; उंडेलने या छिड़कने के लिए नहीं। जे. डब्ल्यू. मैक्गार्वे ने लिखा:

> संक्षेप में जो कारण आज के उन प्रचारकों को जो छिड़काव करते हैं पानी से बाहर रखते हैं उन्होंने ही फिलिप्पुस और खोजे को पानी से बाहर रखा है। दूसरी ओर, वही आवश्यकता जो पानी में डुबोने के लिए उन प्रचारकों को पानी में जाने के लिए बाध्य करती है उसी ने फिलिप्पुस और खोजे को ऐसा करने के लिए बाध्य किया; और इस निष्कर्ष से निष्कपट मन को कोई बहाना नहीं मिल सकता।

जैसे किसी ने कहा है कि, शरीर के एक सिरे को डुबोना और दूसरे सिरे पर छिड़काव करने का कोई अर्थ नहीं है!

इतिहास का यह सर्वमान्य तथ्य है कि कलीसिया सैकड़ों वर्षों तक बपतिस्मे के लिए केवल डुबकी का इस्तेमाल करती थी जब तक कि धर्म त्याग करने वाली कलीसिया ने इस चलन को बदल नहीं दिया। मैं यूरोप के कई भागों में गया हूं और मैंने बपतिस्मा देने की पुरानी टंकियां खण्डहर बनी देखी हैं, जो यदि सैकड़ों नहीं तो दर्जनों लोगों को एक साथ डुबकी देने के लिए बनाई गई थीं, इनके निर्माण का समय कलीसिया की आरम्भिक शताब्दियां हैं। फिलिप्पुस ने जिस प्रकार खोजे को बपतिस्मा दिया, वह अपवाद नहीं बल्कि नियम था।

फिलिप्पुस के उस खजांची को डुबकी देने के बाद, ''जब वे जल में से निकलकर ऊपर आए, तो प्रभु का आत्मा फिलिप्पुस को उठा ले गया; सो खोजे ने उसे फिर न देखा'' (आयत 39क)। इसका अर्थ यह हो सकता है कि पवित्र आत्मा ने फिलिप्पुस को हवा में एक स्थान से ले जाकर दूसरे स्थान पर रख दिया, परन्तु इसका सम्भवत: यही अर्थ है कि आत्मा ने सुसमाचार प्रचारक को किसी और जगह जाकर प्रचार करने के निर्देश दिए (आयतें 26, 29, 40)। जिस प्रकार अचानक ही फिलिप्पुस खोजे के जीवन में आया था, उसी प्रकार वह चला भी गया![39]

इस खजांची को अन्तिम बार हम आयत 39 में देखते हैं: ''वह आनन्द करता हुआ अपने मार्ग चला गया।'' आनन्द करने के लिए उसके पास बहुत कुछ था। उसने यीशु के बारे में जान लिया था! उसका पूरा जीवन बदल चुका था! उसे अपने पिछले पापों से उद्धार मिल चुका था और उसके जीवन में परमेश्वर की उपस्थिति थी (2:38)! प्रभु द्वारा उसे अपनी कलीसिया में मिला लिया गया था (2:41, 47)! उसका नाम मेम्ने की जीवन की पुस्तक में लिखा जा चुका था (प्रकाशितवाक्य 20:15)! उसे अनन्त जीवन की आशा मिल गई थी (तीतुस 1:2)! खोजा होने के कारण वह यहूदी राज्य में द्वितीय श्रेणी का नागरिक था परन्तु अब वह यीशु के राज्य में प्रथम श्रेणी का नागरिक बन गया था।[40]

इरेनियुस नाम के एक प्राचीन लेखक ने कहा था कि खोजा इथियोपिया में लौट गया और उसने पूरे देश में मसीह की कहानी को फैला दिया। हम निश्चित तौर पर नहीं जान सकते कि इस अधिकारी ने अपने गृह नगर में जाकर क्या किया, परन्तु यह तथ्य कि लूका हमें उसके आनन्द के बारे में बताता है, संकेत करता है कि हमें यह समझने की आशा रखनी चाहिए कि जो कुछ अन्य चेलों के लिए सत्य था, वही इस खोजे के लिए भी सत्य था। इसमें कोई शक नहीं, कि वह भी, ''सुसमाचार सुनाता फिरा'' (8:4)।

## सारांश (8:40)

फिलिप्पुस द्वारा प्रचार के लिए अन्य यात्राओं की संक्षिप्त व्याख्या के साथ यह अध्याय समाप्त होता है: ''और फिलिप्पुस अशदोद में आ निकला, और जब तक कैसरिया में न पहुंचा तब तक नगर-नगर सुसमाचार सुनाता गया'' (आयत 40)। अशदोद अज्जाह से कुछ मील उत्तर में एक और फिलिस्तीनी नगर[41] था। फिर फिलिप्पुस सुसमाचार का प्रचार करता हुआ तट की ओर चला गया। कुछ नगर जिनमें उसने प्रचार किया था, उनका नाम

अध्याय 9 में दिया गया है अर्थात लुद्दा और याफा (9:32, 36)। अन्त में, वह कैसरिया में पहुंचा। हम अध्याय 10 में कैसरिया की ओर लौटेंगे और हम 21:8 में फिलिप्पुस से पुनः मिलेंगे। समापन करते हुए, आइए ''आदर्श मनपरिवर्तन,'' जिसका हमने अध्ययन किया है, की संक्षेप में समीक्षा करें: मैंने सुझाव दिया है कि इसमें एक आदर्श प्रचारक (फिलिप्पुस), एक आदर्श श्रोता (खोजा), मनपरिवर्तन के आदर्श साधन (सुसमाचार), आदर्श संदेश (यीशु), और आदर्श उत्तर (तुरन्त आज्ञा पालन) था। पूरे उदाहरण पर विचार करते हुए, मुझे यह भी सुझाव देने दें कि सादगी में भी यह एक आदर्श था। मनपरिवर्तन की इस घटना में जो कुछ हुआ, अर्थात क्यों हुआ, से गलत समझना कठिन होगा।

अपने मनपरिवर्तन और उस खजांची के मनपरिवर्तन को आमने-सामने रखें और उनमें तुलना करें। क्या आपका मनपरिवर्तन उसी की तरह था? आप ऐसे कुछ प्रश्न पूछ सकते हैं:[42] जब मेरा बपतिस्मा हुआ तो क्या मेरी आयु इतनी थी कि मैं व्यक्तिगत तौर पर समर्पण कर सकता या मैं केवल एक बालक ही था? क्या बपतिस्मा लेने से पहले मैंने यीशु में अपने विश्वास का अंगीकार किया था या मैंने कुछ और अंगीकार किया था? जो समर्पण मैं करने जा रहा था क्या मुझे उसकी समझ थी या मैंने एक संस्कार को ही पूरा किया था? क्या मुझे पानी में गाड़ा गया था या केवल मुझ पर पानी का छिड़काव किया गया था? यदि आपको लगे कि आपका मनपरिवर्तन उस खोजे के जैसा *नहीं* था, तो परमेश्वर का धन्यवाद करें कि उसमें सुधार करने में अभी देर नहीं हुई है! अपनी आत्मा से जुआ मत खेलें! यदि आपको उसी प्रकार से मनपरिवर्तन की आवश्यकता है *जैसे उस खोजे को थी,* तो इस पर अभी ध्यान दें!

## विजुअल-एड नोट्स

मैं वाक्यांश ''आराधना करने गया किन्तु गलत था!'' से आरम्भ करके ''प्रचारक-फिलिप्पुस'' तक गया, फिर हर एक बात पर विचार करने के लिए सड़क पर घूमता रहा। यह आसान होने के साथ-साथ असरदायक कोशिश भी थी। ''एक आदर्श मनपरिवर्तन'' की मुख्य बातों के लिए यह चार्ट नकल किया जा सकता है।




## प्रवचन नोट्स

खोजे के दृष्टिकोण से एक कहानी बताई जाती है, जो अपने मनपरिवर्तन के प्रबन्ध से अपरिचित होगा।

रिक ऐचले ने इस मनपरिवर्तन पर, ''द रोड टू सालवेशन'' शीर्षक से एक प्रवचन दिया। इसके आरम्भ में, ''क्या आपने कभी ऐसी यात्रा की है जिसने आपका जीवन बदल दिया हो?'' और बाद में टिप्पणी थी, ''खोजे ने सोचा कि वह इथियोपिया के मार्ग में था। वास्तव में, वह उद्धार के मार्ग में था।'' इस संदेश की चार बातें हैं: वक्ता, खोज, शास्त्र, उद्धारकर्त्ता।

प्रेरितों के काम के इस भाग का अध्ययन करते हुए, आप ''अच्छा अंगीकार'' पर एक अतिरिक्त संदेश का प्रचार करना चाह सकते हैं।

कई वर्ष पूर्व, मैंने समाचार पत्र से संदेश के लिए फिलिप्पुस के सादगी भरे ''मसीह के

प्रचार'' की तुलना के लिए शीर्षक एकत्र करने आरम्भ किए। एक उदाहरण है ''लेबर'ज़ राइट्स ऐज़ ए मायनोरिटी ग्रुप इन ओक्लाहोमा।'' आप अपने लिए दूसरे उदाहरण ले सकते हैं।

---

पादटिप्पणियां

[1]जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स, *ऐक्ट्स ऑफ़ अपोस्टल्ज़,* भाग 1 (ऑस्टिन, टैक्सास.: आर. बी. स्वीट कं., 1967), 63. [2]आयत 26 में प्रभु का एक स्वर्गदूत फिलिप्पुस से बोला; आयत 29 में बोलने वाला आत्मा था। वक्ता के रूप में पहली बार स्वर्गदूत और बाद में आत्मा का नाम लेकर सम्भवत: लूका कोई बड़ा मुद्दा नहीं बनाना चाह रहा था। लूका का प्वाइंट यह था कि *परमेश्वर* ने फिलिप्पुस को निर्देश दिया। [3]गाज़ा (अज्जाह) तट फिलिस्तीनी नगरों में एक था (उत्पत्ति 10:19; 2 राजा 18:8)। (पृष्ठ 38 पर ) में ''फिलिप्पुस और पतरस की यात्राओं'' का मानचित्र देखिए।) अज्जाह पहुंच कर, अधिकारी ने किनारे-किनारे जाना था। [4]यरूशलेम से अज्जाह को कई रास्ते थे। जिसका नाम लूका ने दिया उस पर सम्भवत: बहुत कम लोग आते-जाते थे (बहुत से अनुवादकों ने ''जंगल'' के बजाय ''उजाड़'' कहा है)। (नोट: मूल शास्त्र में केवल इसे ''यह उजाड़ है'' ही कहा गया है और यह सड़क या पुराने अज्जाह के खण्डहर भी हो सकते हैं (हिन्दी के अनुवादकों ने इसे मार्ग कहा)। [5]इस खजांची के जैसे अधिकारी सामान्यत: कहीं आने जाने के समय सेवकों से घिरे रहते थे। जो फिलिप्पुस ने देखा वह सम्भवत: एक कारवां था जिसके मध्य उस अधिकारी का रथ था। [6]तब का इथियोपिया (कूश) आज के इथियोपिया की तरह सुदूर पूर्व में नहीं था। आधुनिक इथियोपिया को प्राचीन समय में अबिसिनिया कहा जाता था। प्राचीन इथियोपिया (आज का नुबिया) ऊपरी मिसर और सूडान में नील नदी पर असवान और ख़रतौम के बीच स्थित था। [7]''कंदाके'' (''फिरौन'' या ''कैसर'' की तरह) एक ओहदा था, कोई नाम नहीं। इथियोपियनों के राजा को पवित्र माना जाता था और राज्य चलाने की सांसारिक रीतियों के ऊपर था। इस कारण उसकी रानी वास्तव में देश पर शासन करती थी। [8]यह सुझाव दिया गया है कि वह एक अन्यजाति था और परमेश्वर का भय मानने वाला था (शब्दावली में देखिए ''परमेश्वर का भय मानने वाला''), परन्तु लूका ने बाद में ज़ोर दिया कि कुरनेलियुस, परमेश्वर का भय मानने वाला, अन्य जातियों अर्थात गैर यहूदियों में से पहला परिवर्तित था (प्रेरितों 10;11; 15:7, 14)। कइयों ने कहा है कि यह खजांची अपनी शारीरिक स्थिति के कारण यहूदी मत धारण नहीं कर सकता था, परन्तु सिद्धांतवादी होने के लिए हमारे पास पर्याप्त जानकारी नहीं है। हम नहीं जानते कि वह खोजा *कब* बना (हो सकता है कि वह यहूदी मत में परिवर्तित होने के बाद बना हो); हम नहीं जानते कि यदि व्यवस्थाविवरण 23:1 वास्तव में एक खोजे को यहूदी मत अपनाने से रोकती थी अथवा केवल किसी खोजे को पवित्र सभा में प्रवेश करने से मना करती थी; हमें यह भी मालूम नहीं कि प्रेरितों के दिनों में यहूदी लोग अभी भी व्यवस्थाविवरण 23:1 का पालन कर रहे थे या नहीं। यह अधिकारी सम्भवत: या तो यहूदी था या यहूदी मत धारण किया हुआ। [9]खोजा उस आदमी को कहते हैं जिसे बधिया किया गया हो। उन दिनों मूर्तिपूजक लोग खोजे पुरुषों को पदवियों पर नियुक्त करते थे जहां से वे परीक्षा में न पड़ सकें (जैसे जनानखाने का इन्चार्ज या ख़ज़ाने का इन्चार्ज होना), कई बार ''खोजा'' शब्द का प्रयोग ''एक अधिकारी'' के लिए भी किया जाता था, चाहे उस आदमी को बधिया किया गया हो अथवा नहीं। परन्तु, इस शब्द का साधारण अर्थ ''बधित पुरुष'' ही था। [10]लैव्यव्यवस्था 21:20 भी देखिए, जो सिखाती थी कि एक खोजा याजक नहीं बन सकता था। इन अध्यायों का उद्देश्य यहूदियों को अपने आस-पास के मूर्तिपूजकों की रीतों में अन्तर करने से बढ़कर उनकी नकल न करने के लिए हतोत्साहित करना था।

[11]अन्य शब्दों में, वह पवित्र आराधना सभाओं में एक खतना-रहित गैर यहूदी से आगे नहीं जा सकता था। [12]रथ एक सजी हुई गाड़ी को कहते हैं। कई रथों के चार पहिए होते थे; बहुतेरी गाड़ियों के दो ही पहिए

होते थे। [13]शायद खोजे ने यरूशलेम में रहते समय यशायाह की पत्री मोल ले ली थी। व्यक्तिगत तौर पर शास्त्र की पत्रियां बहुत कम लोगों के पास होती थीं। क्योंकि उन्हें कठिन परिस्थितियों में हाथ से नकल कर लिखा जाता था, इसलिए वे बहुत महंगी थीं। [14]उन दिनों ऊंचे स्वर से पढ़ना अपवाद न होकर नियम था। [15]मेरे अपने अनुभव से अनेक उदाहरण मन में आते हैं। अप्राप्य पुस्तक *द लॉड विल फ़ाइन्ड ए वे* (डलास: क्रिश्चियन पब्लिशिंग, 1966) में समस्त संसार से सैकड़ों उदाहरण हैं। निस्संदेह आपके पास बहुत से उदाहरण होंगे जिनका आप यहां वर्णन कर सकते हैं। [16]यह कहानी रिक ऐचले, ''रोड टू सालवेशन'' से ली गई, जो कि सदर्न हिल्ज़ चर्च ऑफ़ क्राइस्ट, अबिलेन, टैक्सास में 19 मई 1985 को सुनाई गई। [17]उद्धरण सप्तति अनुवाद से है। [18]यहूदियों के लिए यह ठोकर का बड़ा पत्थर था। प्रेरितों 2 और 3 अध्याय में पतरस के प्रवचनों के सम्बन्ध में इस प्वाइंट पर नोट्स देखिए। [19]मैंने भेड़ की ऊन कतरते देखा है, भेड़ की चुप्पी रहस्यमय और भयोत्पादक होती है। कइयों ने जिनसे मैंने बात की, बताया कि उन्होंने भेड़ की ऊन कतरने से पहले उसे मिमियाते सुना है। स्पष्टतया, भेड़ चुप रहती है अथवा नहीं, यह ऊन कतरने वाले की निपुणता पर निर्भर करता है। [20]उसे *न्याय* नहीं मिला (अर्थात, जिसका वह हकदार था)।

[21]शास्त्र के इस भाग का एक और सम्भव अनुवाद है ''यद्यपि उसका प्राण 'पृथ्वी से मिटाया गया' था, उसकी *आत्मिक* अंश (अर्थात, मसीही लोग) फिर भी इतनी है कि उनकी गिनती नहीं हो सकती।'' [22]''यीशु का प्रचार करते हुए'' नये नियम के प्रचारकों ने जिन विषयों का प्रचार किया, उनमें से कुछ को देखने के लिए पाठ ''मसीह का प्रचार करने का क्या अर्थ है'' देखिए। [23]क्योंकि हम निश्चित रूप से नहीं जानते कि खोजा किस मार्ग से जा रहा था या वह मार्ग में कहां पर था, हम बपतिस्मे की निश्चित जगह नहीं बता सकते। डुबकी के लिए सामान्य क्षेत्र में डूबने के लिए उपयुक्त पानी के बहुत से तालाब हैं। [24]यदि आपने अध्याय 6 में लड़के को पत्थर लाने के लिए भेजने के उदाहरण का उपयोग नहीं किया, तो यहां उसका उचित उपयोग होगा। [25]यह शब्दों का हेर-फेर है। यहां ''बाहर जाने के लिए रास्ता'' का अर्थ है निकलना; ''अन्दर आने का रास्ता'' का अर्थ प्रवेश है। ''बाहर जाने का रास्ता'' ढूंढने का यत्न किसी काम को न करने का बहाना बनाने का तर्क है। [26]बच्चे बपतिस्मे के लिए उम्मीदवार नहीं हैं, क्योंकि वे विश्वास करने के लिए अयोग्य हैं। [27]यद्यपि हमारे पास आरम्भिक हस्त लेखों में यह आयत नहीं मिलती, दूसरी शताब्दी में इरेनियुस ने इसे यह संकेत देते हुए उद्धृत किया कि इस अध्याय का मूल आरम्भ में हुआ था। शायद यह एक शास्त्री द्वारा (आरम्भिक कलीसिया की परम्परा को बताते हुए) अलग से जोड़ी गई एक टिप्पणी थी जिसने अपना स्थान कुछ हस्त लेखों में बना लिया था। [28]कुछ आयतों और कुछ अनुवादों में, और पर्यायवाची शब्दों का प्रयोग किया गया है, जैसे कि ''व्यवसाय।'' [29]एड्गर ए. गुडस्पीड के अनुवाद में भी इफिसियों 5:26 में अंगीकार शामिल किया गया है: ''कि उसको [कलीसिया को], उसके अंगीकार के द्वारा जल के स्नान से शुद्ध करके पवित्र बनाए'' (द न्यू टैस्टामेंट: ऐन अमेरिकन ट्रांसलेशन) [30]हमें यीशु का अंगीकार अपने होंठ और *अपने सम्पूर्ण जीवन* से करना चाहिए, जब तक हमारी मृत्यु नहीं होती।

[31]''प्रेरितों के काम, भाग-1 में 2:38 पर, और प्रेरितों के काम के एक भावी भाग में 22:16 पर नोट्स देखिए।'' [32]यह प्रमाणित करने की कोशिश में कि बपतिस्मा उद्धार के लिए आवश्यक नहीं है कई बार रोमियों 10:9, 10 का इस्तेमाल किया जाता है। तथापि, रोमियों 10, दबाव डालती है कि उद्धार के लिए आज्ञाकारिता भी आवश्यक है (आयतें 16, 21)। रोमियों 10:9, 10 यह नहीं सिखाती कि बपतिस्मा उद्धार के लिए आवश्यक नहीं है क्योंकि वह अध्याय इन दो आवश्यकताओं का उल्लेख नहीं करता। [33]यह संकेत देते हुए कि यीशु ईश्वरीय है और उद्धारकर्त्ता है, ''यीशु'' का अक्षरश: अर्थ है ''यहोवा बचाता है।'' [34]जाते-जाते यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि पतरस (और सम्भवत: खोजे) ने एक *वाक्य* के रूप में ''अच्छा अंगीकार'' किया। तथापि, यीशु ने केवल पिलातुस के प्रश्न का *स्वीकारात्मक* (यूहन्ना 18:37) उत्तर देकर ''अच्छा अंगीकार'' (1 तीमुथियुस 6:13) किया। बपतिस्मे से पहले किसी भी प्रकार अंगीकार करना शास्त्र के अनुसार है। [35]बाइबल बैल्ट में, मैं स्वयं भी ध्यान देता हूं कि फिलिप्पुस ने यह नहीं कहा, कि ''हमें प्रतीक्षा करनी होगी जब तक कलीसिया तुम्हें *चुन* ले,'' क्योंकि एक साम्प्रदायिक कलीसिया ऐसा ही करती है। आप उस क्षेत्र की धार्मिक प्रथाओं के अनुसार अपनी टिप्पणियां ला सकते हैं जहां पर आप परिश्रम करते

हैं। [36]यदि खोजे के साथ बहुत से लोग जा रहे थे, तो सम्भवत: उसने रथवान को रथ रोकने की आज्ञा दी होगी। यदि खोजा अकेला जा रहा था, तो उसने घोड़ों को पुचकारते हुए कहा होगा, ''रुको!'' [37]इस पाठ में विचार की रेखा के अलावा, आपको यह बात भी उठानी चाहिए कि पौलुस ने ज़ोर दिया कि बपतिस्मा *गाड़े* जाना है (रोमियों 6:3, 4; कुलुस्सियों 2:12)। [38]मत्ती 3:16 ध्यान दिलाता है कि यीशु भी बपतिस्मे के बाद, ''तुरन्त पानी में से ऊपर आया।'' एक और उपयुक्त पद यूहन्ना 3:23 है, जहां यह ध्यान दिलाया गया है कि यूहन्ना एक निश्चित जगह में बपतिस्मा दे रहा था ''क्योंकि वहां बहुत जल था।'' छिड़काव के लिए ''बहुत जल'' की आवश्यकता नहीं है; परन्तु डुबकी के लिए है। [39]यह आकस्मिकता शायद फिलिप्पुस के पीछे चलने से हतोत्साहित करने के लिए थी। इसमें कोई संदेह नहीं कि परमेश्वर चाहता था कि खजांची अपने देश में सुसमाचार लेकर लौटे। [40]यशायाह 56:3-5 ने भविष्यवाणी की कि ऐसा ही होगा।

[41]यह अशदोद का प्राचीन नगर है। [42]जहां आप रहते हैं वहां की धार्मिक परिस्थिति के अनुकूल इन्हें अपना लें।




**पुराने नियम का संसार**